घर-घर औषधि योजना एवं जिला स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ

औषधीय पौध प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में कारगर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सीकर. किसी भी संक्रमण से लडने में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना जरूरी है। अब मानसून सीजन शुरू हो गया है और पौधे लगाने के लिए इससे अच्छा समय कोई नहीं होता है। केवल पौधे लगाने से कुछ नहीं होगा पौधों का औषधीय महत्व समझें और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं। ये विचार रविवार को जिला स्तरीय महोत्सव और घर-घर औषधि वितरण योजना के शुभारंभ पर उभर कर आए। राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का भी ध्यान रखना जरूरी है।

कोरोना काल में औषधीय पौधों की महत्वता के मध्य नजर इस वर्ष राज्य में प्रत्येक परिवार को निःशुल्क औषधीय पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। पौध वितरण में सभी संबंधित विभागों का सहयोग रहेगा। इस दौरान एडीएम धारा सिंह मीणा, सभापति जीवण खां, उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, भुपेन्द्र दुल्लड़ प्राचार्य कॉमर्स कॉलेज सीकर, वीरेन्द्र सिंह कृष्णियां सहायक वन संरक्षक, उपखण्ड अधिकारी सीकर गरिमा लाटा, धोद उपखण्ड अधिकारी मिथलेश कुमार, सीओ स्काउट बसंत लाटा, उप निदेशक आईसीडीएस सुमन पारीक, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग राकेश लाटा, राज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य शिवभगवान नागा, एनसीसी, स्काउट, जिला स्तरीय एवं ब्लॉक धोद एवं पिपराली के अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सीकर. औषधीय पौधों को वितरण के लिए रवाना करते जिला कलक्टर, सभापति व अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा पौधे लगाते हुए।

वाहनों को दिखाई हरी झंडी

वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान अर्जुन, अशोक, गुलर, केशिया श्यामा, कल्पवृक्ष, बील्वपत्र, मोलसरी, नीम, करंज के पौधे लगाए गए। इसके बाद अतिथियों ने सीकर शहर के वार्ड नम्बर 28, पंचायत समिति धोद के ग्राम दूजोद एवं पंचायत समिति पिपराली के ग्राम कुड़ली के लिए औषधीय पौधे वितरण वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

डीएफओ भीमाराम ने बताया कि सीकर जिले के समस्त परिवारों को दो वर्षों में औषधीय पौधे उपलब्ध कराये जायेंगे। इस वर्ष कुल परिवारों के 50 प्रतिशत परिवार अर्थात् 2,21,522 परिवारों को 17,72,176 औषधीय पौधे बांटे जाएंगे। औषधीय पौधों को वितरण किट में रखकर इनके साथ औषधीय पौधों की पहचान, उपयोग आदि से संबंधित जानकारी वाले फोल्डर भी दिया जाएगा। पौध वितरण का कार्य ब्लॉक स्तरीय टॉस्क फोर्स की निगरानी में होगा। ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति लक्ष्मणगढ, नेछवा एवं नगरपालिका लक्ष्मणगढ का कार्यक्रम ईकोलॉजी पार्क लक्ष्मणगढ में हुआ। पंचायत समिति फतेहपुर एवं रामगढ का कार्यक्रम रा. उ. मा. वि. ग्राम हरसावा बड़ा, पंचायत समिति दांतारामगढ का कार्यक्रम गोडियावास पौधशाला, सी.सै. स्कूल रैवासा, पंचायत समिति श्रीमाधोपुर एवं अजीतगढ का कार्यक्रम रेंज कार्यालय श्रीमाधोपुर, पंचायत समिति खण्डेला का कार्यर्क्र म ग्राम लापुंवा, पंचायत समिति नीमकाथाना का कार्यक्रम ग्राम पंचायत प्रीतमपुरी वन पौधशाला, पंचायत समिति पाटन का कार्यक्रम पंचायत समिति कार्यालय पाटनमें हुआ। कार्यक्रम में सभी उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय टॉस्क फोर्स के सदस्यों ने भाग लिया ।

बास्केटबॉल के राष्ट्रीय